# मुलतानीमल मोदी कॉलेज

कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यवसायिक प्रशासन संकाय

(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध)

मोदीनगर – 201 204

★ बी०ए० ★ बी०एस-सी० ★ बी०कॉम०

★ एम०ए० ★ एम०एस-सी० ★ एम०कॉम०

★ बी०बी०ए० ★ बी०सी०ए०

★ बी०लिब० ★ एम०लिब० ★ एम०एस-सी (बायोटैकनोलॉजी)

★ बी०पी०ई०एस

NIELIT (DOEACC) पाठ्यक्रम : सी०सी०सी०, 'ओ' लेवल

★ IGNOU ★ UPRTOU

# विवरणिका

2022-2023

PROSPECTUS

## MULTANIMAL MODI COLLEGE


MODINAGAR - 201 204

Email : info@mmcmodinagar.ac.in

Website : www.mmcmodinagar.ac.in

01232-243492, 223620, [illegible] Fax No. : 02132-223620

(A NAAC ACCREDITED COLLEGE)



**डॉ० [illegible] कुमार मोदी**

**अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति**



**डॉ० प्रदीप कुमार गर्ग**

**प्राचार्य एवं संरक्षक**

# मुलतानीमल मोदी कॉलेज मोदीनगर (उ0प्र0)

वर्ष 1933 पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस अंचल को मील के पत्थर के समान सिद्ध हुआ जब मोदी परिवार ने ग्राम बेगामाबाद की भूमि पर मोदी शुगर मिल की स्थापना की। धीरे–धीरे अनेक उद्योग यहाँ स्थापित किये गये। स्थापित उद्योगों / सेवा / कृषि क्षेत्र में लगे हुए कामगार एवं किसान आदि परिवारों को शिक्षा प्रदान करने हेतु मोदी हाईस्कूल (वर्तमान में डॉ0 के0 एन0 मोदी साइन्स एवं कॉमर्स कॉलिज), मुलतानीमल मोदी कॉलेज आदि के साथ–साथ प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स डिग्री कॉलिज, तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों की स्थापना की। तत्पश्चात् वर्ष 2010 में राजस्थान के निवई में डॉ0 के. एन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना की।

वर्ष 1957 में उच्च शिक्षा क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर भारत का प्रतिष्ठित संस्थान–मुलतानीमल मोदी कॉलेज़ की स्थापना मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलिज सोसाइटी के अन्तर्गत हुई। जिसमें प्रारम्भ में केवल 100 विद्यार्थी एवं वर्तमान में 3900 विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

इस महाविद्यालय में रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, बायोटैक्नोलॉजी, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबन्धन सहित 18 विषयों में स्नातक एवं स्नातकोतर कक्षायें है। महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें लगभग सवा लाख पुस्तकें हैं।

शायद ही बुनियादी ढाँचे में इस महाविद्यालय के समकक्ष समूचे प्रदेश में कोई अन्य महाविद्यालय हो। एक विशाल तिमंजिला भवन जिसमें विज्ञान के समस्त विषयों की प्रयोगशालायें, व्याख्यान कक्षों के साथ–साथ 30 अन्य कक्ष है। प्रत्येक विभाग हेतु विभागीय कक्ष, कम्प्यूटर व विभागीय पुस्तकालय है। एक विशाल केन्द्रीय पुस्तकालय भवन, छात्रा कक्ष, कैन्टीन व वाहन स्थल भी है। महाविद्यालय में एक विशाल खेल के मैदान के साथ समस्त क्रीडा एवं खेल की सुविधायें उपलब्ध हैं। विज्ञापन प्रयोगशालाएं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं तथा सभी विभागों में शोध सुविधायें उपलब्ध हैं। अनेक शोध छात्र विभिन्न विभागों में विद्वान प्राध्यापकों के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय योग्यता सूची में भी हमारे छात्र अग्रणी रहते हैं। क्रीड़ा एवं खेलकूद के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कारों के साथ ही अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय के सम्मान को बढ़ाया है।

सांस्कृतिक साहित्यिक परिषद के तत्वाधान में महाविद्यालय में अखिल भारतीय स्तर पर मुलतानीमल मोदी अन्तर विश्वविद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता के साथ ही विश्वविद्यालय स्तर की अनेको सांस्कृतिक / साहित्कि गोष्ठियों / प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष महाविद्यालय में वार्षिक समारोह गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जाता है जिसमें स्व0 सेठ रायबहादुर मुलतानीमल मोदी जी की स्मृति में अपनी कक्षा में अन्तिम वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक के रूप में एक कलाई घड़ी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जाते हैं।

महाविद्यालय अपनी स्थापना के गौरवमयी इतिहास के साथ 2007–2008 में 50 वर्ष पूरे कर चुका है। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में स्वर्ण जयन्ती वर्ष मनाया गया। जिसके अन्तगर्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग किया ।

## शिक्षा प्रणाली–

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर त्रैवार्षिक (10+2+3) शिक्षा प्रणाली लागू है। स्नातकोत्तर कक्षाओं में सैमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत शिक्षा प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर भी सैमेस्टर प्रणाली सत्र 2021–22 से लागू की जा चुकी है।

## अध्ययन के विषय–

### (अ) कला संकाय –

**बी.ए.** (हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, अर्थशास्त्र) / कुल सीटें 220

बी.ए. में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा उक्त मुख्य विषयों में से कोई तीन विषयों का ही चयन किया जा सकता है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा भाषा विषय का चयन किया जाता है तो अधिकतम दो भाषाओं का चयन करते हुए कुल तीन विषय ही चयनित किए जा सकते हैं।

उक्त तीन मुख्य (Major) विषयों के अतिरिक्त प्रत्येक विद्यार्थी को किसी अन्य विषय / संकाय से एक–एक माइनर इलैक्टिव पेपर प्रथम व द्वितीय वर्ष के किसी एक सैमिस्टर में पढ़ना होगा। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत उसे एक स्किल कोर्स तथा एक को–करिकुलर कोर्स का भी प्रत्येक सैमिस्टर में अध्ययन करना होगा।

**बी.पी.ई.एस.** (कुल सीट 60, स्ववित्त पोषित) सम्बद्धता प्राप्त होने पर ही प्रवेश स्वीकृत किये जायेगें।

**एम.ए.** (हिन्दी–कुल सीटें 60, अंग्रेजी–कुल सीटें 60, अर्थशास्त्र –कुल सीटें 60, राजनीतिशास्त्र–कुल सीटें 60, इतिहास–कुल सीटें 60, संस्कृत कुल सीटें–60)

**बी.लिब.** (B.Lib. & I.Sc.) (कुल सीटें –60, स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता प्राप्त) पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के इस एक वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए प्रवेश हेतु बी.एस.सी./बी.कॉम/बी.ए./बी.ए. न्यूनतम प्राप्तांक 45% (अनु./जनजाति 33%) के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।)

**एम.लिब.** (M.Lib. & I.Sc.) (कुल सीटें–30, स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता प्राप्त, न्यूनतम अर्हता **B.Lib. & I.Sc.**)।

**(आ) विज्ञान संकाय –**

**(1.) बी0 एस0–सी0 :** (निम्नलिखित में से कोई एक विषय समूह (Combination) लिया जा सकता है।

1. रसायन, वनस्पति तथा जन्तु विज्ञान (कुल सीटें 120)
2. भौतिकी, रसायन तथा गणित (कुल सीटें 80)
3. भौतिकी, गणित तथा सांख्यिकी (कुल सीटें 40)
4. बी.एस.ए. (60 सीट स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता)

उक्त तीन मुख्य (Major) विषयों के अतिरिक्त प्रत्येक विद्यार्थी को किसी अन्य विषय संकाय से एक–एक माइनर इलैक्टिव पेपर प्रथम व द्वितीय वर्ष के किसी एक सैमिस्टर में पढ़ना होगा। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत उसे एक स्किल कोर्स तथा एक को–करिकुलर कोर्स का भी प्रत्येक सैमिस्टर में अध्ययन करना होगा।

नोट – (I) बी. .एस–सी. प्रथम में इच्छुक प्रवेशार्थी एक से अधिक विषय में यदि आवेदन करना चाहते हैं तो अलग–अलग ऑन–लाइन पंजीकरण कराना होगा। स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया होगी।

2. **एम.एस–सी. :**

रसायन–कुल सीटें 20, वनस्पति विज्ञान– कुल सीटें 20, जन्तु विज्ञान–कुल सीटें 20, भौतिक विज्ञान–कुल सीटें 20, सांख्यिकी–कुल सीटें–20, गणित कुल सीटें 60, बायोटैक्नोलॉजी–कुल सीटें 30 (स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत)।

नोट : (i) एस.एस–सी. प्रथम में इच्छुक प्रवेशार्थी एक से अधिक विषय में यदि आवेदन करना चाहते हैं तो अलग–अलग ऑन–लाइन पंजीकरण कराना होगा।

(ii) विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों का प्रयोगशाला में स्वयं का क्रय किया गया सफेद Apron पहनकर आना अनिवार्य है।

(इ) वाणिज्य एवं व्यवसायिक प्रशासन संकाय –

(1.) बी0 कॉम0 (कुल सीटें 120)

(2.) बी0 बी0 ए0 (कुल सीटें 60) (स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्थायी सम्बद्धता

(3.) एम0 कॉम0 (कुल सीटें 60)

बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0कॉम0 विषय से उत्तीर्ण करने वाले छात्र यदि अन्य कक्षा में प्रवेश लेना चाहते है तो अलग–अलग ऑन–लाइन पंजीकरण करना होगा। स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया होगी।

उक्त तीन मुख्य (Major) विषयों के अतिरिक्त प्रत्येक विद्यार्थी को किसी अन्य विषय / संकाय से एक–एक माइनर इलैक्टिव पेपर प्रथम व द्वितीय वर्ष के किसी एक सैमिस्टर में पढ़ना होगा। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत उसे एक स्किल कोर्स तथा एक को–करिकुलर कोर्स का भी प्रत्येक सैमिस्टर में अध्ययन करना होगा।

**(ई) अन्य दूरस्थ पाठ्यक्रम :**

**संस्थागत अध्ययन के साथ IGNOU, UPRTOU एवं NIELIT (Formerly Doeacc)** के कोर्स में प्रवेश लिये जा सकते हैं। विवरण अगले पृष्ठों पर देखें)। यह कोर्स अतिरिक्त योग्यता हेतु लेने की सलाह दी जाती है। आप इस सुविधा से लाभान्वित हों।

**विषय चयन :**

विद्यार्थियों को विषय चयन करते समय सावधानी रखनी चाहिये। एक बार चयन किये गये विषयों में परिवर्तन नहीं होगा। प्रत्येक कक्षा/कोर्स में प्रवेश हेतु अलग–अलग आवेदन एवं वि.वि. से पंजीकरण होना अनिवार्य है।

**प्रवेश प्रक्रिया–**

1. स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया –

क. चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की वेबसाइट ccsuweb.in पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा ही योग्यता सूची/मैरिट लिस्ट तैयार की जायेगी। मैरिट लिस्ट में प्रवेशार्थी का नाम आने पर प्रवेशार्थी को महाविद्यालय से प्रवेश विवरणिका/Prospectus नकद रू0 100.00 के भुगतान पर क्रय करनी होगी। विवरणिका में संलग्न प्रवेश फार्म को पूर्ण भरते हुये साथ में निम्न प्रमाण पत्रों को संलग्न करना अनिवार्य हैं–

1. हाईस्कूल की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की स्व सत्यापित प्रति।
2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की स्व सत्यापित प्रति।
3. विगत विद्यालय से प्राप्त स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
4. जाति प्रमाण पत्र, तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है यदि प्रवेशार्थी आरक्षित क्षेणी का है।
5. आय प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है। (तीन वर्ष से ज्यादा पुराना न हो)
6. आधार कार्ड की प्रति (स्व–प्रमाणित)।
7. यदि किसी प्रवेशार्थी ने अधिभार (Weightage) का लाभ प्राप्त किया है तो सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया स्व–सत्यापित प्रति
8. प्रवेशार्थी को सभी प्रमाण पत्र प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे ताकि प्रवेश स्वीकृति के लिए सभी मूल पत्रों की जाँच की जा सके।
9. यदि अभ्यर्थी का नाम प्रवेश हेतु मैरिट में आ जाता है, परन्तु अभ्यर्थी सम्बन्धित पत्राजात प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत नहीं करता है तो उसका प्रवेश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
10. रोवर्स–रेंजर्स का अधिभार का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी को प्रवेश, प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान तथा तृतीय सोपान के प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करने होगें।
11. कक्षा/विषय में विद्यार्थी की उपस्थिति 75% से कम नहीं होगी, इस आशय का घोषणा पत्र प्रवेश फार्म के साथ जमा करना होगा। घोषणा पत्र प्रवेश फार्म के साथ संलग्न है।
12. विद्यार्थियों को प्रवेश फार्म, घोषणा पत्र, परिचय पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सभी फार्म पर एक ही तरह का पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। अलग–अलग फोटो का प्रयोग न करें।
13. **Migration Certificate** मूल रूप में परीक्षा फार्म के साथ ही जमा करना होगा प्रवेश फार्म के साथ नहीं।

ख. प्रवेश फार्म एवं सभी पत्रों की मूल प्रति लेकर प्रवेशार्थी को विवरणिका में दी गयी प्रवेश समिति के सम्बन्धित संयोजक के पास प्रवेश स्वीकृति हेतु जाना होगा ताकि प्रवेश संयोजक समस्त प्रमाण पत्रों की जाँच कर लें और सही पाये जाने पर प्रवेशार्थी को प्रवेश स्वीकृत किया जा सके।

ग. विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उच्च न्यायालय/शासन के नवीन आदेशानुसार प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रत्येक माह शासन/विश्वविद्यालय को ऑन लाइन प्रेषित की जायेगी अतः विद्यार्थी अपने शिक्षकों के सम्पर्क में रहें। यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति 75% से कम पायी जाती है तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। प्रवेश के समय प्रवेशार्थी/अभिभावक को इस आशय का घोषणा पत्र देना होगा, कि यदि विद्यार्थी की उपस्थिति कक्षा/विषय में 75% से कम होती है और विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा ऐसे विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रखा जाता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थी/अभिभावक की होगी।

घ प्रवेश स्वीकृत होने के पश्चात् विद्यार्थी को चार प्रतियों में फीस की रसीद दी जायेगी जोकि विद्यार्थी को Union Bank of India की कॉलेज के सामने स्थित शाखा में जमा करते हुए बैंक से प्राप्त दो प्रतियों में से एक विद्यार्थी प्रति अपने पास रखनी होगी तथा शेष कालेज प्रति महाविद्यालय में जमा करनी होगी और इसके उपरान्त परिचय पत्र (I-Card) जारी किया जायेगा।.

च. विद्यार्थी को परिचय पत्र पर चीफ प्रोक्टर के हस्ताक्षर कराने हेतु शुल्क की रसीद मूल रूप में प्रस्तुत करनी होगी।

**2. परास्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया–**

क. चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ बेवसाइट ccsuweb.in पर प्रवेश हेतु पंजीकरण कराने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा ही योग्यता सूची/मैरिट लिस्ट तैयार की जायेगी। मैरिट लिस्ट में प्रवेशार्थी का नाम आने पर प्रवेशार्थी को महाविद्यालय से प्रवेश विवरणिका /Prospectus नकद रू0 100.00 के भुगतान पर क्रय करना होगा। विवरणिका में संलग्न प्रवेश फार्म को पूर्ण भरते हुये साथ में निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे–

1. स्नातक प्रथम, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की अंकतालिका की छायाप्रति।
2. यदि स्नातक अन्य महाविद्यालय (मुलतानीमल मोदी कॉलिज, मोदीनगर के अतिरिक्त) से उत्तीर्ण की है तो स्थानान्तरण एंव चरित्र प्रमाण पत्र प्रवेश स्वीकृति के समय मूल रूप से अनिवार्य रूप में देना होगा ।
3. जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है यदि प्रवेशार्थी आरक्षित श्रेणी का है।
4. आय प्रमाण पत्र तहसील द्वारा (कम्प्यूटराइज्ड) जारी होना आवश्यक है (तीन वर्ष से ज्यादा पुराना न हो) स्व सत्यापित प्रस्तुत करें।
5. यदि किसी प्रवेशार्थी ने अधिभार (Weightage) का लाभ प्राप्त किया है तो सम्बन्धित प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. स्नातक कक्षाओं में प्राप्त भारांक का लाभ ही स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु देय होगा।
7. प्रवेशार्थी को सभी प्रमाण पत्र प्रवेश के समय मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे ताकि प्रवेश स्वीकृति के लिए सभी मूल पत्रों जाँच की जा सके।
8. यदि अभ्यर्थी का नाम प्रवेश हेतु मैरिट में आ जाता है, परन्तु अभ्यर्थी सम्बन्धित पत्राजात प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत नहीं करता है तो उसका प्रवेश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
9. विद्यार्थियों को प्रवेश फार्म, घोषणा पत्र, परिचय पत्र, आधार कार्ड छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के सभी फार्म पर एक ही तरह का पासपोर्ट साइज फोटो लगाना होगा। अलग–अलग फोटो का प्रयोग न करें ।

ख. प्रवेश फार्म एवं सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लेकर प्रवेशार्थी को विवरणिका में दी गयी प्रवेश समिति के सम्बन्धित संयोजक के पास प्रवेश स्वीकृति हेतु जाना होगा ताकि प्रवेश संयोजक समस्त प्रमाण पत्रों की जाँच कर लें और सही पाये जाने पर प्रवेशार्थी को प्रवेश स्वीकृति किया जा सके। प्रमाण पत्र उपर्युक्त न पाये जाने पर प्रवेश स्वीकृत नहीं होगा।

ग. प्रवेश स्वीकृत होने के पश्चात् विद्यार्थी को चार प्रतियों में फीस की रसीद दी जायेगी जोकि विद्यार्थी को Union Bank of India की कॉलेज के सामने स्थित शाखा में जमा करते हुए बैंक से प्राप्त दो प्रातियों में से एक विद्यार्थी प्रति अपने पास रखनी होगी तथा शेष कॉलेज प्रति महाविद्यालय में जमा करनी होगी और इसके उपरान्त परिचय–पत्र (I-Card) जारी किया जायेगा।

**3. स्नातक / परास्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष को छोड़कर प्रवेश प्रक्रिया–**

स्नातक कक्षाओं के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के तथा परास्नातक कक्षाओं के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के प्रवेश सम्बन्धित संयोजकों द्वारा सीधे स्वीकृत किये जायेंगे। प्रवेश हेतु विवरणिका कार्यालय से रू0 100 नकद भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है।

**4. छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रक्रिया–**

क. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन करने हेतु महाविद्यालय का नोटिस बोर्ड / वेबसाइट देखें ताकि शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं कार्यक्रमानुसार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कराया जा सके।

ख. विद्यार्थी को बैंक में अपने नाम से बचत खाता खोलना होगा ताकि छात्रवृत्ति के आवेदन–पत्र पर बैंक खाता संख्या अंकित हो सके। यदि विद्यार्थी का खाता जिला गाजियाबाद में किसी भी बैंक में है तो उसे नवीन खाता खुलवाने की आवश्यकता नहीं है। पास बुक की छायाप्रति छात्रवृत्ति फार्म के साथ संलग्न करनी होगी।

ग. विद्यार्थी को तहसील द्वारा कम्प्यूटराज्ड जारी आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करनी होगी। आय प्रमाण पत्र तीन वर्ष से ज्यादा पुराना अमान्य होगा।

घ. विद्यार्थी का तहसील द्वारा कम्प्यूटराइज्ड जारी जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

ङ. स्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका / प्रमाणपत्र की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

च. स्नातक कक्षाओं के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष व स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को हाईस्कूल एवं विगत वर्ष की अंकतालिका की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

छ. विद्यार्थी को शुल्क रसीद एवं परिचय पत्र की छायाप्रति छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

ज. तहसील द्वारा कम्प्यूटराइज्ड जारी आय / जाति प्रमाण पत्र ही स्वीकार होंगे।

झ. आधार कार्ड की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी तथा आधार कार्ड विद्यार्थी के मोबाइल फोन से लिंक होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी छात्रवृत्ति फॉर्म online नहीं भर सकेगा।

**क्रमसंख्या ख–झ तक कागजात उपलब्ध न होने के कारण छात्रवृत्ति फार्म स्वीकार नहीं होगा।**

## 5 अन्य–

क. शुल्क की रसीदें संभालकर रखें। किसी भी समय उनकी आवश्यकता पड़ सकती है। प्रवेश शुल्क की रसीद प्रस्तुत करने पर ही परिचय पत्र एवं लाइब्रेरी कार्ड जारी होगा।

ख. विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली कॉलिज / वि.वि. वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश नियमावली में वर्णित नियमों का पालन किया जायेगा।

ग. विश्वविद्यालय का परीक्षाफल तथा अन्य कार्यक्रम वेबसाइट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध होगा। जबकि महाविद्यालय से सम्बन्धित सामान्य जानकारी वेबसाइट www.mmcmodinagar.ac.in पर उपलब्ध होगी।

घ. बैक पेपर में अर्ह विद्यार्थियों को अगली कक्षा में औपबन्धिक रूप से प्रवेश विश्वविद्यालय के नियमानुसार दिया जायेगा। यदि बैक पेपर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित हो जाते हैं तो उनको भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा देनी होगी।

कृ प्रवेश प्रक्रिया में अधिक दिन लगते हैं अथवा किसी अन्य कारणवश शिक्षण दिवस कम होते हैं तो उतने शिक्षण दिवसों की पूर्ति अतिरिक्त कक्षायें लगाकर की जायेगी।

च. शोक सभायें विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थानों में केवल कार्यरत शिक्षक / कर्मचारी एवं अध्ययनरत छात्र / छात्रा के निधन पर शासनादेशों के अनुपालन में की जायेगी।

छ चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के नियमानुसार यदि किसी की उपस्थिति किसी एक विषय में 75 प्रतिशत से कम रह जायेगी तो उसे परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा। छात्रों की उपस्थिति की गणना के लिए वादनों की संख्या उस छात्र की प्रवेश तिथि की उपेक्षा करते हुए सत्रारम्भ के प्रारम्भ दिन से ही ली जायेगी। अभिभावक इस दिशा में सतर्क रहें।

**विश्वविद्यालय परीक्षा एवं नामांकन :**

परीक्षा फार्म, प्रवेश–प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भरे जाते हैं। परीक्षा फार्म के साथ ही विश्वविद्यालय नामांकन फार्म भी प्रथम वष के समस्त विद्यार्थियों को भरने होंगे। अन्य कक्षाओं में गत परीक्षा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को भी विश्वविद्यालय नामांकन फार्म भरना अनिवार्य है। ऐसे छात्रों को पूर्व विश्वविद्यालय का प्रवजन प्रमाण (Migration) पत्र परीक्षा फार्म के साथ मूल रूप से संलग्न करना होगा।

**टाइम टेबिल :**

1. टाइम टेबिल से सम्बन्धित सूचनाएँ सूचना पट पर देखें।
2. टाइम टेबिल के सम्बन्ध में महाविद्यालय छात्रों की समय की प्राथमिकता को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

**परिचय पत्र (Identity Card)**

1. परिचय पत्र विद्यार्थी को इस महाविद्यालय की सदस्यता को प्रमाणित करता है। यह प्रवेश के पश्चात् महाविद्यालय से छात्र / छात्रा को लेना होगा।
2. यह केवल एक वर्ष के लिए ही मान्य है।
3. लाइब्रेरी कार्ड प्राप्त करने के लिए भी परिचय पत्र प्रस्तुत करना अत्यन्त आवश्यक है। परिचय पत्र के प्रस्तुत करने पर ही विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें दी जा सकेगी।
4. उन सभी स्थानों और अवसरों पर जहां इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ही उपस्थित होने का अधिकार है, यह परिचय पत्र विद्यार्थी के पास होना आवश्यक है। अधिकारियो की माँग पर इसे प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में विद्यार्थी का महाविद्यालय म प्रवेश वर्जित किया जा सकता है। परीक्षा में बैठने के लिए भी परिचय पत्र की आवश्यकता होगी।जारी की जायेगी।
5. महाविद्यालय के बाहर अन्य अवसरों पर भी परिचय पत्र की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने हित में महाविद्यालय का परिचय पत्र सदैव अपने पास रखना चाहिये।
6. परिचय पत्र खो जाने की स्थिति में चीफप्रोक्टर को लिखित रूप से सूचित करना होगा तथा रु0 50/– के भुगतान पर डुप्लीकेट परिचय पत्र प्राप्त किया जा सकता है। रसीद कार्यालय से प्राप्त करनी होगी।
7. महाविद्यालय शुल्क रसीद खो जाने पर विद्यार्थी को रु0 50/– के भुगतान पर डुप्लीकेट शुल्क रसीद (छायाप्रति) जारी की जायेगी।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 के अनुक्रम में प्रवेश – सम्बन्धी दिशा निर्देश
# National Education Policy 2020 : Guidelines for Admission

उत्तर प्रदेश के समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 की अनुशंसा के अनुरूप तैयार न्यूनतम 1567 / सत्तर–3–2021–16(26) / 2011समान पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2021–22 से लागू किये जाने के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ के पत्र संख्या 1065 / सत्तर–3–2021–16(26) 2011 दिनांक 20 अप्रैल , 2021 एवं पत्र संख्या 1567 / सत्तर–3–2021–16(26) / 2011 टी0सी0 लखनऊ, दिनांक 13 जुलाई, 2021, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तरप्रदेश शासन के दिनांक 25.06.2021 को जारी परिपत्र तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर जारी अन्य शासकीय निर्देशों के आधार पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के माननीय कुलपति जी द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश–सम्बन्धी तथा अन्य सम्बन्धित विषयगत बिन्दुओं के सन्दर्भ में प्रथम / मानक दिशा–निर्देश (गाइडलाइन) प्रस्तावित किये जा रहे हैं। सामयिक आवश्यकता तथा शासकीय निर्देशों के अनुसार भविष्य में इस गाइडलाइन का संशोधित प्रारूप भी जारी किया जा सकता है अथवा किसी मामले में अलग से अधिसूचना जारी की जा सकती है।

**1. पाठ्यक्रम / कार्यक्रम लागू करने की समय सारिणी :**

* यह व्यवस्था तीन विषय वाले बी0ए0, बी0एस0सी0 एवं बी0कॉम0 पर सत्र 2021–22 में प्रवेशित छात्रों पर लागू होगी। अन्य सभी पाठ्यक्रमों में शासन के निर्देशों के आने पर सत्र 2022–23 से लागू होगी।

**2. प्रवेश की व्यवस्था:**

विद्यार्थी को स्नातक स्नातक में प्रवेश के समय सर्वप्रथम विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में एक संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि) का चुनाव करना होगा। विज्ञान सकांय का चयन करने पर अभ्यर्थी को पुनः पूर्व निर्देशित अर्हतानुसार अपने वर्ग (Bio/Maths/Stas etc.) का चुनाव करना होगा। जिसका आवंटन मेरिट, सम्बन्धित महाविद्यालय में उपलब्ध सीट संख्या एवं संसाधनों पर निर्भर होगा यह संकाय विद्यार्थी का अपना संकाय (Own Faculty) कहलायेगा। जिसमें वह तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक अध्ययन कर सकेगा।

* पूर्व व्यवस्था की तरह विद्यार्थी को कुल तीन मुख्य विषयों का अध्ययन करना होगा, जिसमें से दो मुख्य विषय उसके चुने हुए संकाय के होंगे तथा तीसरा विषय वह अपने संकाय तथा दूसरे संकाय से ले सकता है, जिसका आवंटन मेरिट, सम्बन्धित महाविद्यालय में उपलब्ध सीट संख्या एवं संसाधनों पर निर्भर होगा। इस व्यवस्था के लिये संकायों का निर्धारण शासनादेश जून 15, 2021 (http//uphed.gov.in/Council/GOneeti .aspx के अनुसार होगा।
* विद्यार्थी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों / शिक्षकों / संस्थानों / नियमों के नियमों के आलोक में द्वितीय / तृतीय वर्ष में मुख्य विषय बदल सकता है अथवा उनके क्रम में परिवर्तन कर सकता है।
* छात्र को विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषय परिवर्तन की सुविधा होगी, परन्तु वह एक वर्ष के बाद ही विषय परिवर्तित कर सकता है। एक सेमेस्टर के बाद नहीं।
* तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त विद्यार्थी को एक गौण (माइनर इलेक्टिव) पेपर का अध्ययन करना होगा। इस पेपर का चुनाव भी वह अपने संकाय अथवा दूसरे संकाय से कर सकता है। इसके लिए उसे किसी पात्रता (pre-requistie) की आवश्यकता नहीं होगी। स्नातक के विद्यार्थी प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में मात्र दो गौण प्रश्नापत्रों (माइनर इलैक्टिव पेपर) का अध्ययन करना होगा। वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक अध्ययन कर सकेगा ।
* बहुविषयकता (Multidisciplinarity) सुनिश्चित करने के लिए स्नातक स्तर पर माइनर इलैक्टिव पेपर सभी छात्रों को किसी भी चौथे विषय (उसके द्वारा लिये गये तीन विषयों के अतिरिक्त) से लेना होगा।
* तीसरे मुख्य (मेजर) विषय तथा गौण चयनित पेपर (माइनर इलैक्टिव पेपर) का चयन छात्र को इस प्रकार करना होगा कि इनमें से कोई एक अनिवार्यत : अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय (Other Faculty) से हो।
* कोई विद्यार्थी एक माइनर इलेक्टिव पेपर स्नातक प्रथम वर्ष के प्रथम अथवा द्वितीय सेमेस्टर में से तथा दूसरा माइनर इलेक्टिव पेपर द्वितीय वर्ष के तृतीय अथवा चतुर्थ सेमेस्टर से ले सकता है। अर्थात् विद्यार्थी अपनी सुविधा से सम अथवा विषम सेमेस्टर में उपलब्ध माइनर इलेक्टिव पेपर का चुनाव कर सकता है।
* विश्वविद्यालय महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध सीटों / संसाधनों के आधार पर माइनर इलेक्टिव पेपर आवंटित किया जायेगा।
* प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षों (चार सेमेस्टर्स) के प्रत्येक सेमेस्टर में 3 क्रेडिट (3x4=12) क्रेडिट के कुल चार पाठ्यक्रम का एक रोजगार परक / कौशल विकास पाठ्यक्रम (Vocational/Skill development course) पूर्ण करना होगा।

* स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को तीन वर्षों (छः सेमेस्टर्स) के प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह–पाठ्यक्रम (Co-curricular) करना अनिवार्य होगा।
* इन सभी सह–पाठ्यक्रमों को 40 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी की ग्रेड शीट पर इनके प्राप्तांकों पर आधारित ग्रेड तो अंकित होंगे, परन्तु उन्हें सी.जी.पी.ए. (CPGA) की गणना में सम्मलित नहीं किया जायेगा। इन पेपर्स की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा Multiple choice question के आधारित होगी।

**3. कक्षाओं हेतु समय–सारिणी :**

* सभी महाविद्यालयों / शिक्षण संस्थान प्रवेश प्रारम्भ होने से पूर्व अपनी समय–सारिणी (Time Table) तैयार कर लें। जिससे छात्र प्रवेश के समय अन्य संकाय के उन विषयों का चुनाव कर सकें जिनकी कक्षाएं अलग समय पर संचालित होती है तथा उनकी कक्षाओं के समय में ओवरलैपिंग न हो।
* सभी शिक्षण संस्थान समय सारिणी (Time Table) ऐसे तैयार करें कि छात्रों को अन्य संकाय के विषयों को चुनने की अधिकतम विकल्प उपलब्ध है।
* तीसरे मुख्य विषय तथा चयनित गौण पेपर (Minor Elective Paper) की कक्षाओं के लिये कोई एक ही वादन (Period) समय–सारिणी में निर्धारित किया जाये कि सभी विद्यार्थी सुविधापूर्वक अपने–अपने चयनित विषयों का अध्ययन कर सके। इसी प्रकार इन विषयों की परीक्षाओं तथा आन्तरिक मूल्यांकन के लिये एक ही तिथि निर्धारित की जाये।

**4. किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश, निकास एवं पुनः प्रवेश की प्रक्रिया :**

* विद्यार्थी को एक वर्ष (दो सेमेस्टर) पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट के साथ निकास तथा दो वर्ष (चार सेमेस्टर) पूर्ण करने पर डिप्लोमा के साथ निकास की सुविधा उपलब्ध होगी। विद्यार्थी को निर्गत सर्टिफिकेट अथवा डिप्लोमा पर उसके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त रोजगार–परक (Vocation) प्रशिक्षण–पाठ्यक्रम का स्पष्ट आलेख किया जायेगा।
* विद्यार्थी को तीन वर्ष (छः सेमेस्टर) पूर्ण करने पर डिग्री प्राप्त होगी।
* विद्यार्थी निकास के बाद अगले स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार पुनः प्रवेश ले सकेगा।

**5. क्रेडिट एवं क्रेडिट निर्धारण :**

* सैद्धान्तिक (Theory) के एक क्रेडिट के पेपर में एक घंटा प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात् एक सेमेस्टर के 15 सप्ताह में 13–15 घंटे का शिक्षण करना होगा।
* प्रैक्टिकल / इंटर्नशिप / फील्ड वर्क आदि के एक क्रेडिट के पेपर में दो घंटे / प्रति सप्ताह का शिक्षण कार्य होगा, अर्थात् एक सेमेस्टर के 15 सप्ताह में 26–30 घंटे का प्रैक्टिल / इंटर्नशिप / फील्ड वर्क आदि कराना होगा। शिक्षक के कार्यभार की गणना में थ्योरी के एक घंटे का कार्यभार प्रैक्टिकल / इंटर्नशिप / फील्ड वर्क आदि के दो घंटे के कार्यभार के बराबर होगा।
* विद्यार्थी न्यूनतम 46 क्रेडिट अर्जित करने पर तीन वर्षीय सर्टिफिकेट (न्यूनतम 92 क्रेडिट अर्जित करने पर दो वर्षीय डिप्लोमा तथा न्यूनतम 132 क्रेडिट अर्जित करने पर तीन वर्षीय स्नातक डिग्री ले सकता है। इससे आगे विद्यार्थी न्यूनतम 184 क्रेडिट अर्जित करने पर चार वर्षीय स्नातक (शोध सहित) डिग्री, न्यूनतम 232 क्रेडिट अर्जित करने पर स्नातकोत्तर डिग्री तथा न्यूनतम 248 अर्जित करने पर पी.जी.डी.आर. ले सकता है।
* एक बार क्रेडिट का उपयोग करने के पश्चात् विद्यार्थी उनके क्रेडिट का उपयोग नहीं कर सकेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र एक वर्ष के बाद 46 क्रेडिट का प्रयोग कर सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेता है, तो उसके क्रेडिट उपभोग कर लिये माने जाएंगे अर्थात उसके ये क्रेडिट डिप्लोमा अथवा डिग्री के लिए उपयोग नहीं किये जा सकेंगे। यदि वह कुछ वर्षो बाद डिप्लोमा लेना चाहता है वह या तो अपना मूल सर्टिफिकेट विश्वविद्यालय में जमा (Surrender) कर 46 क्रेडिट खाते में रि–क्रेडिट करेगा अथवा नए 46 पुनः जमा करेगा, जिसके आधार पर वह द्वितीय वर्ष (वास्तविक तृतीय वर्ष) में 92 (46+46) क्रेडिट अर्जित कर डिप्लोमा ले सकता है। इसी तरह की व्यवस्था आगामी वर्षों के लिए भी होगी। यदि विद्यार्थी लगातार अध्ययन करता है तथा सर्टिफिकेट / डिप्लोमा नहीं लेता है तो वह 132 क्रेडिट के आधार पर डिग्री ले सकता है।
* यदि कोई योग्य छात्र (Fast Learner) कम समय में डिग्री के लिए आवश्यक क्रेडिट प्राप्त कर लेगा तो न्यूनतम क्रेडिट प्राप्त करने पर उसे अंतराल की सुविधा होगी, परन्तु डिग्री तीन वर्ष बाद ही मिलेगी। अंतराल के दौरान या विषय परिवर्तन की स्थिति में वह किसी भी कार्य को करने के लिए स्वतंत्र होगा।
* द्वितीय वर्ष में संकाय अथवा विषय परिवर्तन की स्थिति में अर्जित क्रेडिट सर्टिफिकेट की श्रेणी में आएगे न कि डिप्लोमा की, क्योंकि डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए उसे उसी विषय के आवश्यक क्रेडिट प्राप्त करने होंगे।

* तीन वर्षो में विद्यार्थी जिस संकाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत क्रेडिट प्राप्त करेगा उसी संकाय में उसे डिग्री दी जाएगी और विश्वविद्यालय में नियमानुसार स्नातकोत्तर में प्रवेश की सुविधा होगी।
* यदि विद्यार्थी तीन वर्ष में किसी एक संकाय में तीन मुख्य विषयों के कुल क्रेडिट का न्यूनतम 60 प्रतिशत, यथा– 112 का 60 अर्थात 67 क्रेडिट प्राप्त नहीं कर पाता है उसे बैचलर आफ लिबरल एजुकेशन (B.L.E.) की डिग्री दी जाएगी तथा वह उन विषयों में स्नातकोत्तर कर सकेगा जिनमें स्तर पर किसी विषय की पूर्व पात्रता (Pe-Requisite) की आवश्यकता नहीं होगी। सामान्यतः इस श्रेणी में कला संकाय के ऐसे विषय आयेगे जिसमें प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य नहीं है।
* यदि कोई योग्य छात्र सर्टिफिकेट/डिप्लोमा लेकर अपने क्रेडिट पुनः जमा (Recredit) कर लेता है और वह आगामी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह रि–क्रेडिट किए गए क्रेडिट का उपभोग कर पुनः सर्टिफिकेट/डिप्लोमा प्राप्त कर सकता है।

**6 उपस्थिति व क्रेडिट निर्धारण–**

* क्रेडिट वैलिडेशन के लिए परीक्षा देना आवश्यक होगा। परीक्षा के बिना क्रेडिट अपूर्ण होंगे।
* परीक्षा देने के लिए पूर्व नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी ।
* छात्र कक्षा में उपस्थिति के आधार पर परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करता है, परन्तु किसी कारण से परीक्षा नहीं दे पाता तो, वह आगामी समय में अर्हता परीक्षा दे सकता है। उसे पुनः कक्षाओं में उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी।

**7. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सन्दर्भ में विद्यार्थी को प्राप्त होने वाली अन्य सुविधाएँ।**

* विद्यार्थी यू0जी0सी0/भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पोर्टल/संस्थानों से 20 प्रतिशत तक क्रेडिट ऑनलाइन कोर्स/पेपर के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगें। विश्वविद्यालय व्यवस्था के दृष्टिगत ऑनलाइन पेपर चयनित करने की यह सुविधा माइनर/इलेक्टिव पेपर्स के लिए छूट पर ही लागू होगी। यूजीसी के नियमों के अनुसार ऑनलाइन कोर्स के क्रेडिट सभी महाविद्यालयों/विश्वविद्यालय परिसर को जोड़ने होंगे।
* विद्यार्थी की आवश्यकता के अनुसार निकट के अन्य शिक्षण संस्थान से किसी विशेष विषय के अध्ययन की सुविधा विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य की जा सकती है। इस सुविधा का लाभ विद्यार्थियों को प्रदान करने के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय पारम्परिक रूप से अनुबन्ध हस्ताक्षरित करते हुए उसकी एक प्रति सूचनार्थ विश्वविद्यालय को भेजेंगे।

**8. परीक्षा व्यवस्था–**

* सभी विषयों के प्रश्न पत्र 100 अंकों के होगें, जिनको क्रेडिद एवं फार्मूला के अनुसार परसेन्टाइल एवं ग्रेड में सॉटवेयर द्वारा परिवर्तित कर दिया जायेगा।
* सभी विषयों की परीक्षा 100 में से 25 अंकों के लिए सतत आन्तरिक मूल्यांकन एवं 75 अंकों के लिए बाहय मूल्यांकन के आधार पर ही सम्पन्न की जायेगी।
* 25 अंकों के आन्तरिक मूल्यांकन पाठ्यक्रमों में वर्णित व्यवस्था के अनुसार होगा।
* असाइनमेंट तथा क्लास टैस्ट की उत्तर पुस्तिकाओं को महाविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के कम से कम दो माह आगे तक सुरक्षित रखा जायेगा।
* सभी विषयों की लिखित परीक्षा होगी एवं अनिवार्य को करीकुलर विषय की परीक्षा बहुविकल्पीय आधार पर होगी।

**9. उपरोक्त शासनादेश के निर्देशानुक्रम में उक्त संरचना मूल और अनुप्रयुक्त विज्ञान, कला, सामाजिक विज्ञान, मानविकी विज्ञान, वाणिज्य, भारतीय एवं विदेशी भाषाएँ तथा कृषि संकायों पर लागू होगी। तत्क्रम मे निम्न बिन्दुओं पर भी प्रमुखता से ध्यान अपेक्षित है–**

* स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए 46 संचित क्रेडिट के सापेक्ष तीन प्रमुख विषय, एक माइनर इलैक्टिव पेपर, दो सह–पाठ्यक्रम एवं दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Certificate in Faculty प्रदान किया जा सकता है
* द्वितीय वर्ष 92 क्रेडिट संचित के सापेक्ष द्वितीय वर्ष में तीन प्रमुख विषय, एक माइनर इलैक्टिव पेपर, दो सह–पाठ्यक्रम तथा दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Diploma in Faculty प्रदान किया जायेगा।
* तृतीय वर्ष तक 132 संचित क्रेडिट के सापेक्ष इस वर्ष में दो प्रमुख विषय, दो सह–पाठ्यक्रम तथा दो माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट होंग जिसे उत्तीर्ण करने पर Bachelor पद Faculty की उपाधि प्रदान की जायेगी।
* प्रवेश, निकास एवं पुनः प्रवेश व्यवस्था के सम्बन्ध में गाइडलाइन विश्वविद्यालय द्वारा ही जारी की जायेगी, महाविद्यालय अपने स्तर से इस सम्बन्ध में निर्णय नहीं लेंगे।

* स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम दो वर्षों में कौशल–विकास से सम्बन्धित पाठ्यक्रम का अध्ययन अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के साथ एम.ओ.यू. हस्ताक्षर किया गया हैं, जिसके आलोक में विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों को समन्वय स्थापित करना होगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय द्वारा समयानुसार जारी किये जायेंगे।

**10. अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रम (Co-Curricular):**

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रमों (Co-curricular) के अध्ययन–अध्यापन का क्रम सेमेस्टर के अनुसार निम्नवत् होगा–

* प्रथम सेमेस्टर – खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता (Food, Nutrition and Hygiene)
* द्वितीय सेमेस्टर – प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (First Aid and Health)
* ततीय सेमेस्टर – मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन (Human Values and Environmental Studies)
* चतुर्थ सेमेस्टर – शारीरिक शिक्षा एवं योग (Physical Eucation and Yoga)
* पंचम सेमेस्टर – विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस (Analytic Ability and Digital Awareness)
* षष्ठ सेमेस्टर – संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास (Communication Skill and Development))
* स्नातक स्तर के अनिवार्य सहगामी पाठ्यक्रमों (Co-curricular) के अध्ययन–अध्यापन के लिए शैक्षिक संसाधनों की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।

**महाविद्यालय पत्रिका एवं त्रैमासिक समाचार पत्र–**

महाविद्यालय में प्रकाशन विभाग की स्थापना की गई है। जिसके अन्तर्गत वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' व त्रैमासिक समाचार पत्र का प्रकाशन किया गया है। वार्षिक पत्रिका 'ऋतम्भरा' में महाविद्यालय के प्राध्यापको, छात्र–छात्राओं के मौलिक विचार/कविता/व्यंग व अन्य साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशन किया जाता है। त्रैमासिक समाचार–पत्र के माध्यम से महाविद्यालय की वर्ष–भर शैक्षणिक, साहित्यिक एवम् अन्य गतिविधियों को प्रकाशित किया जाता है। प्रकाशन विभाग का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं में साहित्य लेखन के प्रति रूचि उत्पन्न करना है।

**शोध अध्ययन/जूनियर/सीनियर फैलोशिप–**

महाविद्यालय में समस्त विषयों में शोध अध्ययन की सुविधा प्राप्त है। कोई भी ऐसा विद्यार्थी जिसने उच्च शिक्षा में प्रवक्ता की न्यूनतम शैक्षिक अर्हता/विश्वविद्यालय शोध की प्रवेश परीक्षा UGC/CSIR अथवा अन्य किसी मान्य विधिक संस्थान एवं जूनियर फैलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण की हो शोध हेतु अर्ह है। ऐसे शोधार्थी को निम्न नियमों का अनुपालन करना आवश्यक होगा–

1. शोधार्थी ने उच्च शिक्षा में अध्यापन की न्यूनतम अर्हता के साथ साथ विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीकरण कराया हो।
2. शोध कार्य हेतु संस्थागत प्रवेश लेना होगा। लेकिन उसे शोध/अध्यापन करने के अतिरिक्त महाविद्यालय की किसी अन्य गतिविधि में भाग लेने पर प्रतिबंध होगा छात्र संघ चुनाव की स्थिति में शोध–छात्र स्वयं को छात्र के समकक्ष नहीं मानेंगे और न ही किसी पद पर चुनाव लड़ सकेंगे।
3. शोध–कार्य केवल नियमित शोधार्थी के रूप में किया जा सकेगा तथा शोध समय में न्यूनतम निर्धारित अध्यापन करना अनिवार्य होगा। अध्यापन कार्य हेतु किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा।
4. शोध कार्य हेतु वित्तीय सहायता/शोध–वृत्ति प्रदान करने वाली संस्थाओं से आर्थिक सहायता/शोध वृत्ति प्राप्त की जा सकती है।
5. शोधार्थी को प्रवेश नियमों का अनुपालन करते हुए शोधग्रंथ मूल्यांकन हेतु जमा करने से पूर्व कम से कम दो शोधपत्र राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय पत्र/पत्रिकाओ में प्रकाशित कराने होंगे। जिसमें कम–से–कम एक शोध पत्र संदर्भित (Referred) जर्नल में प्रकाशित होना चाहिए। साथ ही कम–से–कम दो पेपर (शोध कार्य समय में) संगोष्ठियों/सम्मेलनों में प्रस्तुत करने होंगे। शोध ग्रन्थ की हार्ड कॉपी Final Viva-Voce के समय **महाविद्यालय में देनी होगी।**
6. शोधार्थी को शिक्षकों के समान ही आचार संहिता का पालन करना होगा।
7. शोधार्थी के द्वारा शोध अवधि में यदि कोई अनुचित आचरण किया जाता है तो प्रवेश निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य को होगा ।
8. शोध–छात्र, जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त शोधार्थी को प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा एवं उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर करने होंगे।

9. शोध/जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त होने पर शोध–छात्रवृत्ति/मानदेय तभी निर्गत किया जायेगा, जब सम्बन्धित माह की उपस्थिति गाइड/विभागाध्यक्ष/कार्यालय द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित/सत्यापित की जायेगी।

10. शोध/जूनियर/सीनियर फैलोशिप प्राप्त अभ्यर्थियों को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में लागू सम्बन्धित अवकाश/वित्तीय नियमों को अनुपालन करना होगा।

**अनुशासन/एन्टी रैगिंग समिति–**

माननीय उच्च न्याय।लय एवं शासन के पत्रांक 746/सत्तर–1–2009/उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 26 मार्च 2009 द्वारा रैगिंग पर पूर्ण निषेध है। छात्रों की संलिप्तता पर कठोर दण्ड का प्राविधान है। रैगिंग सम्बन्धी निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय में एक एन्टी रैगिंग समिति कार्यरत है।

**महाविद्यालय/विभागीय परिषद्–**

महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में विभागीय परिषद् का गठन किया गया है। परिषद के कार्य समय–समय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, सेमीनार, अध्ययन एवं अध्यापन शिक्षण गतिविधियाँ एवं युवाओं के व्यक्तिगत विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करना है प्रत्येक विद्यार्थी को विभागीय परिषद का सदस्य बनना होगा। विद्यार्थी सम्बन्धित जानकारी विभागाध्यक्ष/परिषद प्रभारी से प्राप्त करें। परिषदों में सुगम प्रशासन हेतु महाविद्यालय परिषद् गठित है जिसके समन्वयक डॉ0 के.के. शर्मा है।

**महाविद्यालय छात्र–संघ –**

छात्र संघ का गठन लोकतान्त्रिक भावनाओं एवं युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु किया जाता है। छात्र संघ का गठन उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सामूहिक गुप्त मतदान प्रक्रिया से लिंगदोह समिति के सुझावों के अन्तर्गत किया जाता है। नवगठित छात्र–संघ का कार्यकाल एक शैक्षिक वर्ष का होता है जोकि तीस जून को समाप्त हो जाता है।

**छात्र कल्याण प्रकोष्ठ –**

छात्र कल्याण प्रकोष्ठ विद्यार्थियों के कल्याण हेतु गठित किया गया है इसमें निर्धन विद्यार्थी शुल्क में छूट हेतु, आर्थिक सहायता एवं/अथवा बुक बैंक से किताबें प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा प्रकोष्ठ द्वारा लिये गये अन्तिम निर्णय अनुसार विद्यार्थी को सुविधा दी जायेगी। छात्र कल्याण प्रकोष्ठ के संयोयक डॉ0 विवेक शील है।

**महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ –**

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ गठित है। महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. वन्दना शर्मा हैं। महाधिालय में कार्यरत महिला शिक्षक /कर्मियों एवं छात्राओं हेतु सुविधाओं एवं उनके शैक्षिणक तथा अधिकारों के प्रति सजकता रखना प्रकोष्ठ का कार्य है समस्त सम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि अपनी किसी भी शिकायत के निवारण हेतु प्रकोष्ठ अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत करायें ताकि तत्काल उनका निराकरण हो सके।

**सांस्कृतिक साहित्यिक परिषद–**

महाविद्यालय में परिसंवाद संगोष्ठियों, विचार, टिप्पणियों, वाद विवाद प्रतियोगिताओं के रूप में विविध सांस्कृतिक/शैक्षिक क्रियाकलाप आयोजित किये जाते हैं जिनमें अध्यापक व विद्यार्थी भाग लेते हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि प्रवेश प्राप्ति के बाद परिषद् के अधिकारियों से सम्पर्क करें अपनी अभिरूचि को बतायें ताकि वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता हो सके।

**धरोहर –**

महाविद्यालय में क्षेत्रीय इतिहास व संस्कृति के संरक्षण हेतु "धरोहर" नामक संग्रहालय है। जिसमें पुरावशेषों के रूप में प्राचीन सिक्के, मूर्तियाँ, चित्र, पाण्डुलिपियां मृद्भाण्ड आदि का संग्रह किया गया है। धरोहर के माध्यम से छात्र–छात्रााएँ अपनी सांस्कृतिक विरासत से साक्षात्कार कर सकते है।

**अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थी प्रकोष्ठ–**

महाविद्यालय के अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थियों की सुविधा हेतु इस प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। सम्बन्धित विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शैक्षिक विकास हेतु प्रकोष्ठ से लगातार सम्पर्क में रहें। महाविद्यालय में इस वर्ष के लिए शासकीय आदेशानुसार अनेक सुविधाएं उपलब्ध है।

**कालेज यू.जी.सी.कमेटी –**

महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर यू.जी.सी. को भेजे जाने प्रस्तावों को तैयार करने एवं उस संदर्भ के प्राप्त धनराशियों का समुचित उपभोग एवं अन्य कार्यकलापों हेतु इस समिति का गठन किया गया है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में महाविद्यालय, शिक्षकों, विद्यार्थियों से सम्बन्धित वित्तीय योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए समिति सतत् रूप से प्रयासरस रहती है।

**कैरियर और परामर्श सैल –**

यह सैल इस महाविद्यालय के छात्रों को विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की संभावनाओं के बारे में प्रासंगिक जानकारी और व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह सैल छात्रों को जटिल और वैश्विक रोजगार के बाजार में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने में भी मदद करता हे।

**महाविद्यालय आन्तरिक मूल्यांकन गुणवत्ता समिति (IQAC) :**

उ0प्र0 शासन/NAAC द्वारा अपेक्षिक शैक्षणिक/शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के बारे में उनके मूल्यांकन/गुणवत्ता के स्तर के उन्नयन एवं अपेक्षित समय में उनकी आख्या तैयार कर विश्वविद्यालय/उ0प्र0 शासन को उपलब्ध करायी जाती है ताकि उसका समुचित प्रयोग किया जा सके। सभी प्रध्यापकों/विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने विभाग एवं स्वयं के मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय की शैक्षिणिक/शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों के उन्नयन में अपना पूर्ण सहयोग दे ताकि महाविद्यालय का चहुँमुखी विकास हो सके।

उक्त समितियों के अतिरिक्त निम्नांकित अन्य समितियाँ भी महाविद्यालय एवं छात्र विकास के लिए प्राचार्य एंव प्रबन्धतंत्र के निर्देश में कार्य कर रही है।

1. Admission Committee
2. Anti-Ragging/Discipline Committee
3. Alumni Committee
5. College-UGC Committee
6. College Press Committee
7. Cultural Committee
8. Departmental Council
9. Environmental Awareness/Management & Planning Committee
10. Examination Committee
11. Internal Complaint Committee
12. IPR Cell
13. IQAC Cell
14 Library Advisory/Development Committee
15. Maintenance & Infrastructure Committee
16. Medical/First aid Committee
17. Minority Committee
18. OBC Cell
19. Ph.D Cell
20. Planning Finance/Purchase Committee
21. Proctorial Board
22. Publication/Magzine Cell
23. RTI Cell
24. SC/ST Cell
25. Sports Committee
26. Student Welfare Cell/Committee
27. Time Table Committee
28. Training & Placement Cell
29. Women Cell
30. Grievance Redressal Committee
31. NSS Committee
32. NCC Committee
33. Rovers & Rangers Committee

**प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता–**

क. प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन पत्र अग्रसरित एवं सत्यापित करने हेतु–
   1. डा0 हरीश कुमार, एसो.प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र
   2. डॉ0 बी.सी. पाण्डेय, एसो.प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग

ख. छात्रवृत्ति हेतु बैंक में खाता खोलने के लिए बोनाफाइड प्रपत्र महाविद्यालय की वेबसाइट www.mmcmodinagar.ac.in पर उपलब्ध होगा।
   डॉ0 मुकेश कुमार, असि. प्रोफेसर, भौतिकी विभाग के बोनाफाइड प्रपत्र पर हस्ताक्षर कराने हेतु शुल्क रसीद, I-card की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

ग. छात्रवृत्ति फार्म में संलग्नक जाति प्रमाण–पत्र एवं आय प्रमाण पत्र को सत्यापित करने हेतु–
   डॉ0 मंयक मोहन, असि.प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति)

**खेलकूद–**

छात्रों के लिए क्रिकेट, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, हॉकी, जूडो तथा एथलेटिक्स आदि की व्यवस्था है। विभिन्न कक्षाओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाता है। इसके लिए एक कीड़ा–समिति का गठन है। क्रीड़ा कोष से विभिन्न प्रकार की सुविधायें प्रदान की जाती है।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.)**

राष्ट्रीय कैडेट कोर के माध्यम से विद्यार्थियों को सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)**

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व एवं सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में इकाईयाँ व्यवस्थाबद्ध रूप से कार्यरत हैं। इस संस्था की विशेषता है कि शिक्षक एवं विद्यार्थी एक जुट होकर सेवा में लगे रहते हैं। कार्य रूप दैनिक तो है साथ में विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। यह संस्था जो कार्य कर रही है, उनमें साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा, श्रमदान, ग्राम विकास प्राकृतिक प्रकोपों के अवसर पर धन एवं वस्तु संग्रह प्रमुख है। महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों से आशा की जाती है कि वे जन जागरण हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बनें।

**रोवर्स एण्ड रेंजर्स–**

इस योजना के अन्तर्गत समस्त विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा तथा उससे सम्बन्धित कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**वाहन/साइकिल स्टैंड –**

महाविद्यालय में मोटर/स्वयं द्वारा चालित वाहन खड़े करने की ठेकेदारी व्यवस्था है। अपने वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें। वाहन चोरी/गुम होने की स्थिति में महाविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। यदि साईकिल स्टैण्ड पर ठेकेदार की व्यवस्था है तो ठेकेदार का उत्तरदायित्व होगा। ठेकेदार न होने की स्थिति में अपने वाहन की स्वयं रक्षा करें। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि अपने वाहन/साइकिल में डबल लॉक का उपयोग करें।

**छात्रावास –**

छात्रावास समसामयिक परिस्थितियों के कारण संचालन में नहीं हैं।

**कैन्टीन –**

महाविद्यालय में कैन्टीन/कैफेटेरिया की व्यवस्था है। जहाँ चाय, कोल्ड ड्रिंक्स एवं स्नैक्स आदि की उपलब्धता है।

**शुल्क –**

1. शासन/विश्वविद्यालय स्तर से यदि शुल्क में कोई परिवर्तन होता है तो विद्यार्थी परिवर्तित शुल्क जमा करने के लिए बाध्य होगा।
2. प्रवेश के समय जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में नहीं लौटाया जायेगा।
3. सुरक्षित धन प्रस्तावित कक्षा छोड़ने के पश्चात् तीन वर्ष के भीतर विद्यार्थी द्वारा महाविद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। उसके पश्चात् प्रतिभूति के रूप में जमा धनराशि पर सम्बन्धित विद्यार्थी का कोई अधिकार नहीं होगा।
4. अनुदानित कक्षाओं में अध्ययनरत छात्राओं से शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।
5. परास्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में इस विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय नामांकन (एनरोलमैंट) शुल्क भी देना होगा।
6. अनुसूचित जाति के छात्र शुल्क में यदि छूट प्राप्त करना चाहते हैं, अपने अभिभावक की आय का प्रमाण पत्र तहसीलदार से प्रवेश प्रारम्भ होने से पूर्व ही प्राप्त करें। जिसके अभिभावक सेवारत हैं, वे सम्बन्धित अधिकारी से वेतन+भत्ते का प्रमाण पत्र प्राप्त करें आय प्रमाण पत्र तीन वर्ष की अवधि के पूर्व का न हो। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त जातिगत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रति पूर्ति हेतु अभिभावक की आय सीमा सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु शासनादेश के अनुरूप होगी।
7. अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं सामान्य जाति के उन विद्यार्थियों को जो कि छात्रवृत्ति के पात्र हैं, शासन द्वारा निर्धारित अवधि में ही छात्रवृत्ति का फार्म भरकर सम्बन्धित लिपिक के पास जमा कराना होगा। बाद में छात्रवृत्ति का फार्म जमा नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी अपना बचत खाता बैंक में खोलकर खाता संख्या एवं आधार कार्ड संख्या छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र में अवश्य लिखें।
8. विद्यार्थी इस विषय में सचेत रहें कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने की दशा में तथा प्रवेश हेतु किसी भी प्रकार के जाली प्रमाण पत्रों का प्रयोग न करें। यदि कोई जाली प्रमाण पत्र विद्यार्थी द्वारा प्रयोग किया गया, उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस विभाग में की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी एवं उसके अभिभावक की होगी।

**1. डॉ0 के0 एन0 मोदी छात्रवृत्ति (दिव्यांग छात्र हेतु)**

**2. पूज्य माँ जी गिन्नी देवी मोदी छात्रवृत्ति (दिव्यांग छात्रा हेतु)**

**3. अनिवासी भारतीय छात्रवृत्ति एवं पारितोषक**
**(रतन लाल–सावित्री देवी गुप्ता स्मृति छात्रवृत्ति एवं पारितोषक)**

